भ्रामक खबरों पर तुरंत होगी कारवाई : सम्राट

जनसंपर्क विभाग की बैठक में क्विक रिस्पॉन्स टीम को दिया निर्देश

पटना (आससे)। पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी पहलों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने विभाग की प्राथमिकताओं, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यों तथा इसके लिए उपलब्ध माध्यमों और व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि जनहित से जुड़ी सूचनाएं समय पर लोगों तक पहुंचें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाए। उन्होंने कहा कि विभाग सरकार की योजनाओं,



उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाए, ताकि लोग योजनाओं के प्रति जागरूक हों और उनका लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों, विधि-व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों की निगरानी और नकारात्मक एवं भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय करने की दिशा में काम किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारों की पेंशन योजना से संबंधित नियमों और प्रावधानों की जानकारी सभी तक पहुंचाई जाए, ताकि पत्रकार इस योजना के बारे में जान सकें और इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोगों की ओर से सामने आने वाली समस्याओं और सुझावों का प्रभावी विश्लेषण किया जाए। सरकार के स्तर पर उन पर जो कार्रवाई की जाती है, उसकी जानकारी भी लोगों को दी जाए। विभागीय, जिला और पंचायत स्तर पर लोगों के फीडबैक, सुझावों और शिकायतों के बेहतर प्रबंधन एवं निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की सभ्यता और संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। बिहार के जो लोग अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं, उनसे संपर्क स्थापित किया जाए और बिहार के संबंध में उनका फीडबैक लिया जाए। साथ ही, उन्हें बिहार की विशेषताओं और तेजी से हो रहे विकास की उपलब्धियों से अवगत कराया जाए।

उन्होंने कहा कि बिहार के गौरवशाली अतीत को फिर से स्थापित करना है और राज्य को समृद्ध बनाना है। इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

जकार्ता में उठा बिहार के शिक्षकों का मुद्दा

पटना (आशिप्र)। एडुकेशन इंटरनेशनल के 10वें एशिया पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन में बिहार के शिक्षकों का मुद्दा भी उठा। यह सम्मेलन इंडोनेशिया के जकार्ता में हुआ। इसमें दुनिया के 29 देशों के 51 सदस्य संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें बिहार, तेलंगाना एवं पश्चिम बंगाल के शिक्षक भी शामिल थे। इनमें अखिल भारतीय शैक्षिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार, राष्ट्रीय महासचिव नवकुमार कर्मकार, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव शैलेन्द्र कुमार शर्मा शैलू, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, महिला को-ऑर्डिनेटर डॉ. मिली कुमारी, तेलंगाना के शिक्षक नेता रमेश कुलकूम, पश्चिम बंगाल के शिक्षक नेता अजीत नायडू शामिल थे। सम्मेलन में बिहार के शिक्षक नेता स्वर्गीय ब्रजनन्दन शर्मा एवं उत्तर प्रदेश के शिक्षक नेता स्वर्गीय रामपाल सिंह को श्रद्धांजलि दी गयी। 15 प्रस्तावों के जरिये, जिसमें लैंगिक समानता, सार्वजनिक शिक्षा, ए आई, युवा शिक्षकों का सशक्तिकरण, ट्रेड युनियन-शिक्षकों के अधिकार को सर्वसम्मति पर वैश्विक प्रतिबद्धता के साथ क्षेत्रीय एशिया पैसिफिक सम्मेलन के तहत भारतीय शिक्षकों एवं दुनिया के शिक्षकों के संदर्भ में विभिन्न समस्याओं पर भी जुड़े समस्याओं के महत्वपूर्ण मुद्दे भी उठाए गए। अखिल भारतीय शैक्षिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर कुमार की ओर से राष्ट्रीय एवं विशेषकर बिहार के शिक्षकों की समस्याएं, जिसमें समान काम समान वेतन, विसंगति, पेंशन, सेवा सुरक्षा एवं उनके मान, अधिकार, विभिन्न प्रकार के गैर-शैक्षणिक कार्यों में परीक्षा आदि के सम्बन्ध में भी ज्ञापन सौंपकर सम्बोधन भी किया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, भभुआ
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–12 वर्ष–2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, भभुआ।
2. निविदा आमंत्रण करने की तिथि :– दिनांक–21.10.2026
3. आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–31.10.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–31.10.2026 को 3.00 बजे अपराह्न से।
5. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–02.11.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–02.11.2026 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
7. परिमाण विपत्र बिक्री एवं प्राप्ति का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, आरा। (ख) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, भभुआ। (ग)सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, भभुआ/मोहनियां।
8. निविदा वैधता की अवधि :– 120 दिन

कार्य का विवरण :–

क0 सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0)	अग्रधन की राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की अवधि
01	डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास सं0–01 (जगजीवन स्टेडियम के पीछे किसान भवन, भभुआ के बगल में अवस्थित) में खिड़की–दरवाजा मरम्मति, सोख्ता मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य।	13,78,100.00	28,000.00	2,500.00	एक माह
02	डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास सं0–02 (सरदार बल्लभ भाई पटेल कॉलेज, भभुआ के बगल में अवस्थित) में खिड़की–दरवाजा मरम्मति, सोख्ता मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य।	7,22,600.00	14,500.00	1,250.00	एक माह
03	व्यवहार न्यायालय, कैमूर (भभुआ) में शौचालय के विशेष जीर्णोद्धार कार्य।	11,22,600.00	22,500.00	2,500.00	एक माह
04	अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, मोहनियां में शौचालय के विशेष जीर्णोद्धार कार्य।	2,03,000.00	4,500.00	500.00	एक माह

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, भभुआ

PR. No. 014107 (BCD) 2026-27

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

बिहार के पर्यटन स्थलों और उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने में विदेश सेवा के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से आज लोकसेवक आवास के संकल्प सभागार में बिहार मूल के विदेश सेवा के अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से अपने



कार्य अनुभव साझा करते हुये बिहार के पर्यटन स्थलों और राज्य के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

अधिकारियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि बिहार के लोग अपनी मेहनत, प्रतिभा और लगन से देश-दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

मुख्यमंत्री ने बिहार मूल के सभी लोगों से अपील की कि वे अपनी कर्मभूमि के साथ-साथ जन्मभूमि के विकास में भी योगदान दें। उन्होंने कहा कि बिहार के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने और राज्य की सकारात्मक छवि को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने में विदेश सेवा के अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। गयाजी, सुल्तानगंज सहित राज्य के अनेक धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। बौद्ध सर्किट के विकास और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है। इन पर्यटन स्थलों की वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग करने में विदेश सेवा के अधिकारियों के अनुभव और संपर्क उपयोगी साबित हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बिहार का सबसे बड़ा लोक आस्था का पर्व है। छठ के अवसर पर पटना सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। मुंगेर और औरंगाबाद के प्रसिद्ध सूर्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व की देश-विदेश में व्यापक पहचान बनाने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि दुनिया के विभिन्न देशों से लोग इस अद्भुत सांस्कृतिक परंपरा को देखने और समझने बिहार आएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक परंपराओं, ऐतिहासिक स्थलों और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने से राज्य में पर्यटन, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विदेश सेवा के अधिकारियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुलाकात करने वाले अधिकारियों में मालदीव में डिप्टी हाई कमिश्नर श्री कुमार गौरव, रोम स्थित भारतीय दूतावास में काउंसलर श्री आकाश गुप्ता, इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में काउंसलर श्री नीतेश कुमार, मस्कट स्थित भारतीय दूतावास में डिप्टी चीफ ऑफ मिशन श्रीमती तविशी बेहल पांडेय, भारतीय विदेश विभाग में सेंट्रल अमेरिका के निदेशक डॉ0 राजीव रंजन, पेरिस स्थित भारतीय दूतावास में काउंसलर श्री नवीन कुमार तथा भारतीय विदेश विभाग में नॉर्थ की निदेशक श्रीमती मनुस्मृति शामिल थीं। इस अवसर पर बिहार के मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत एवं मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

समाहरणालय, समस्तीपुर
न्यायालय समाहर्त्ता, समस्तीपुर
बिहार मद्य निषेद्य एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के अन्तर्गत जप्त
वाहन मालिकों/संबंधितों के लिए
–: अति अल्पकालीन नोटिस :–

एतद् द्वारा इस नोटिस के माध्यम से बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12 (क) के अलोक में आपको सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम (क) एतद् द्वारा इस नोटिस के माध्यम से बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12 (क) के अलोक में आपको सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम (क) के तहत शास्ति, जो नवीनतम बीमाकृत मूल्य के भुगतान करने पर वाहनों, सवारी/भूमि आदि को छोड़ने का प्रावधान किया गया है।

अतः प्रश्नगत वाहन के वाहन स्वामी होने के नाते उपरोक्त नियम के आलोक में यदि आप चाहें, तो स्वंय अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जप्त वाहन को मुक्त कराने हेतु इस नोटिस के साथ सलंग्न प्रपत्र **IV** में प्रश्नगत वाहन से संबंधित निबंधन (ऑनर बुक), नवीनतम बीमा (इन्स्योरेंश) कागजात जिसमें इन्स्योरेंश की राशि **(Insured Declared Value)** स्पष्ट रूप अंकित हो तथा स्वयं से संबंधित पहचान पत्र/आधार कार्ड के साथ वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है।

निर्धारित तिथि तक आपकी प्रतिक्रिया/पक्ष अप्राप्त रहने की स्थिति में अग्रेतर विधिनुकूल कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा :–

क्र० सं०	उत्पाद वाद संख्या	थाना का नाम	थाना कांड संख्या	जप्त वाहन का प्रकार	जप्त वाहन का रजिस्ट्रेशन नं०/चेचिस नं०/इंजन नं०	गाड़ी मालिक का नाम/पता	सुनवाई का स्थान/तिथि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	16/26-27	शिवाजीनगर	136/2026	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BRO7AT-8855, Chessis No-MBLHAW125MHK77561, Engine No-HA11EYMHK66416	संतोष कुमार मुखिया, पे०–बिन्देश्वर मुखिया, सा०–धिवाही, थाना–शिवाजीनगर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
2	20/24-25	कल्याणपुर	364/2024	पिकअप	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-06GE-3427, Chessis No-MA1ZN2TNKL5G10983, Engine No-TNL4F80361	रितेश कुमार, पे०–सुनील राय, सा०–अमृतपुर, थाना–वैशाली, जिला–वैशाली।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
3	08/26-27	वैनी	34/2026	साईकिल	.–	अज्ञात	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
4	13/25-26	वैनी	73/2025	ऑटो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-33PA6322-3427, Chessis No-MDL41A25GWE26637, Engine No-BRZWGE29794	सुनील कुमार, पे०–जगदीश महतो, सा०–पतेपुर गोपीनाथ, थाना–पुसा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
5	01/25-26	वैनी	58/2024	मैजिक भान	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33GB-1352, Chessis No-MAT53072LYJ17856, Engine No-800CCD102JZXS57585	श्री संजय कुमार यादव, पिता–जवाहर यादव, सा०–बाबूपुर किशुनपुर, थाना–वारिसनगर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
6	01/25-26	वैनी	58/2024	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33BE-4681, Chessis No-MD2A13EX5RCM41802, Engine No-DKXCRM08872	श्री बिट्टू कुमार, पिता–श्री शम्भू पासवान, सा०–हरपुर महम्दा, थाना–पूसा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
7	03/25-26	वैनी	49/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33BL-7089, Chessis No-MD2B68BXXRPGO3989, Engine No-DHXPRG56870	श्री शिवम कुमार, पे०–स्व० कपिल शर्मा, सा०–मोतीपुर, थाना–ताजपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
8	15/26-27	हथौड़ी	42/2026	साईकिल	–	चिंटू कुमार राम, पे०–जोगीर राम, सा०–मधुरापुर, थाना–हथौड़ी, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
9	10/26-27	कल्याणपुर	87/2026	कार	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR01HC2439, Chessis No-MBHHWB13SPB385808, Engine No-K12NP4210962	श्री रामप्रकाश महतो, पे०–छोटू महतो, सा०–हसनपुर किरत मुक्तापुर वार्ड नं०–15, थाना–कल्याणपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
10	04/26-27	हथौड़ी	21/2026	मोटसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–HR33AA1173, Chessis No-MBLHAR186HHE18216, Engine No-H2ND08A00646	बिजेनद्र कुमार पासवान, पे०–लाल बाबू पासवान, सा०–टेलेघरा, भोरेजयराम, थाना–खानपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
11	18/25-26	समस्तीपुर रेल थाना	193/2025	ऑटो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-07-PC-6196, Chessis No-MCG61R3CGJ2193305, Engine No-CGS21J03636	श्री रविभूषण ठाकुर, पे०–श्री राम नरेश ठाकुर, सा०–वार्ड नं०–03, ग्राम–गरूआरा सिंघिया खुर्द, थाना–मुफ्फसील, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
12	06/26-27	वैनी	38/2026	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR31AM6191, Chessis No-MD2B77AX5LRE72815, Engine No-PFXRLE4256	रंजीत चौधरी, पे०–आनंद चौधरी, सा०–राजवा, थाना–बंगरा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
13	14/25-26	कल्याणपुर	428/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33AC-8305, Chessis No-MBLJAR159JGG01288, Engine No-JA86ETJG01523	श्री गुड्डू कुमार, पिता–श्री मनचुन राम, सा०–धुरूगामा, थाना–कल्याणपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
14	22/25-26	पूसा	78/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR33AU9674, Chessis No-ME4JC83DDNG047706, Engine No-JC83EG3095863	श्री देवेन्द्र सहनी, पे०–श्री बाबूलाल सहनी, सा०–हरापुर महमदा, थाना–पूसा, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
15	01/26-27	पूसा	118/2023	बेलेरो पिकअप	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-05GA-1163, Chessis No-MA1ZN2GHKE3A20918, Engine No-GHD4M70263	मो० हसनैन, पे०–मो० मोफउल्दीन, ग्राम–वार्ड न०–02 केसरिया नया गॉव, पूर्वी चम्पारण, बिहार, पितन-845424	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
16	01/26-27	पूसा	118/2023	बेलेरो	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-34P-3107, Chessis No-MA1XA2GHKF5831734, Engine No-GHF4B65050	मो० नसीम, पे०–मो०फैजुल रहमान, ग्राम–रसुलपुर कावा, पो०–कावाडीह वैशाली, जिला–वैशाली, पिन-843114	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
17	06/25-26	कल्याणपुर	62/2025	मोटरसाईकिल	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-33GA-9722, Chessis No-MAT464607LSB01530, Engine No-4SPCR10BZX604463	श्री दिनेश कुमार, पे०–योगेन्द्र राय, सा०–पुरूषोत्तमपुर, पो०–जनार्दनपुर, थाना–कल्याणपुर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026
18	06/25-26	कल्याणपुर	62/2025	योद्धा ईको	(1) रजिस्ट्रेशन सं०–BR-33AC-0582, Chessis No-MBLHARI89JHB19034, Engine No-HA10ACJHB52427	श्रीमती रूणा देवी, W/O–श्री अमरेश गिरी, सा०–रूमैली लदौड़ा नियर मंदिर, जिला–समस्तीपुर।	श्रीमती पुष्पिता झा, पीठासीन पदाधिकारी –सह– वरीय उप समाहर्त्ता, समस्तीपुर। 30.10.2026

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 013881 (District) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

जिलाधिकारी
समस्तीपुर

बिहार को एआई और नयी तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में काम करें : सीएम

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित %संकल्प% सभागार में बिहार ए0आई0 नीति 2026 को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ए0आई0 नीति के विभिन्न प्रावधानों, निवेश को प्रोत्साहित करने, युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने तथा ए0आई0 के विकास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को लेकर बनाई गई Bihar Artificial Intelligence Policy 2026 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।



बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी बनाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में एआई कंपनियों, स्टार्टअप्स और डिजिटल उद्यमों के लिए बेहतर अवसर विकसित किए जाएं, ताकि राज्य नई तकनीक और नवाचार का प्रमुख केंद्र बन सके। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक विशेष टीम गठित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

बिहार एआई नीति 2026 का उद्देश्य राज्य में नई तकनीक, नवाचार, कौशल विकास और डिजिटल उद्यमिता को बढ़ावा देना है, ताकि बिहार के युवाओं को नए अवसर मिलें और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

बैठक में मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

आठों सीट पर एनडीए उम्मीदवारों की होगी जीत : नीतीश

पटना (आससे)। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय पहुंचकर विधानपरिषद की आठ सीटों के लिए स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में हो रहे चुनाव की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चुनाव की मॉनिटरिंग कर रही टीम और पार्टी पदाधिकारियों से तैयारियों का



जायजा लिया और अहम दिशा-निर्देश दिए। श्री कुमार ने इस मौके पर परिषद् में सत्तारुढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ से संगठनात्मक जानकारी ली और राष्ट्रीय चुनाव पदाधिकारी एवं पूर्व सांसद अनिल प्रसाद हेगड़े से चुनाव अभियान को लेकर आवश्यक विमर्श किया और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी आठ सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत होगी।

Govt. of Bihar

BSTDC

BIHAR STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LTD
A Govt of Bihar Undertaking

NATIONAL COMPETITIVE E-BIDDING INVITATION

RE-TENDER NO. 39/E-TENDER/ BSTDC/SBD/2026-27

File No. 106/Engg/2026/1435/ENGG/26

(Through e-procurement mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

1. Bihar State Tourism Development Corporation Limited (BSTDCL), a nodal agency for executing tourism infrastructure projects in the state of Bihar, India, intends to execute tourism infrastructure projects at its tourism potential locations.
2. Any Contractor registered in Central Government/any State Government or any PSU or an agency of International or National repute may participate in the tender though registration in requisite category with any works department, government of Bihar will be essential before executing the agreement, if not registered in Bihar.
3. Details of works

Gr. No.	Name of work	Estimated Cost (in Lac)	Bid Processing fees (Beltron) (In Rs.)	Bid Document Cost (In Rs.)	Bid Security (EMD) (in Lac)	Contract Duration (Months)
1	2	3	4	5	6	7
1	TOURIST DEVELOPMENT OF KALNESHWAR TEMPLE LOCATED IN HARLAKHI BLOCK UNDER MADHUBANI DISTRICT.	Rs-1360.99	Rs-5,900.00	Rs-10,000.00	Rs-23.61	12 Months

4. Date of Inviting tender : Date- 21 10.2026
5. Date of downloading of bid document : From 06.11.2026 to 17.11.2026 up to 3:00PM. Through website www.eproc2.bihar.gov.in only
6. Place & Date of Pre-bid meeting : Date 11.11.2026 Time 03:00PM. (Office of Chief Engineer B.S.T.D.C. Patna)
7. Last date and time for receipt on eproc2 : Date 18.11.2026 up to 3:00PM
8. Last date and time for Submission of Original instrument of EMD & Affidavit : Date 19.11.2026 up to 3:00PM
9. Time and date of opening technical bids : Date 19.11.2026 Time 3:30PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in
10. Time and date of opening of financial bids : To be communicated la tter on
11. Place of opening of bid : Through website www.eproc2.bihar.gov.in
12. Period of bids validity : 120 days
13. Officer inviting bids : Executive Engineer (HQ), BSTDC Ltd
14. All the information/corrigendum/addendum related to the project shall be published on the website www.eproc2.bihar.gov.in / BSTDC website. The authority shall have the right to reject the bid partially or fully without assigning any reason what so ever.
15. Further details of works can be obtained from the office of Executive Engineer (HQ) for clarification, regarding the e –tendering process, please contact e-Proc2.0, Helpdesk, mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800 014, Bihar, Toll Free Number: 1800 572 6571, Email Id: eproc2support@bihar.gov.in

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

BSTDCL, Beerchand Patel Path, Patna -800 001

Executive Engineer (HQ)
BSTDC Ltd, Patna

PR. No. 014088 (B&C) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।